संपादकीय

डिजिटल एडिक्शन की लत घातक

देश के प्रत्येक नागरिक को मुफ्त इंटरनेट का अधिकार देने वाले निजी विधेयक पर विचार की मंजूरी सरकार ने दी है। पिछड़े व दूरदराज के क्षेत्रों के वासियों तक इंटरनेट सुविधाओं के लिए किसी प्रकार के शुल्क या खर्च का भुगतान नहीं करना होगा।

राज्य सभा में यह विधेयक पहले ही पेश किया जा चुका है। दूरसंचार मंत्री के अनुसार राष्ट्रपति ने विधेयक पर विचार करने की सिफारिश की है। देश के पिछड़े व दूर-दराज के रहवासियों को समान रूप से इंटरनेट सुविधा प्रदान करने के यह विशेष उपाय सरकार करेगी। डिजिटल विभाजन को पाटना आवश्यक है। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता सभी नागरिकों का मौलिक अधिकार है। इसलिए उन्हें इंटरनेट का प्रयोग करने की सुविधा होना सकारात्मक सोच है।

फोर्ब्स के अनुसार भारत में 2024 के शुरुआती दिनों में इंटरनेट का इस्तेमाल करने वाले पूरी आबादी का 52 फीसद से अधिक हो चुके हैं। 36 फीसद ग्रामीण डिजिटल पेमेंट का प्रयोग कर रहे हैं। जो तेजी से बढ़ता ही जा रहा है। बिजली कटौती में आ रही कमी और नौजवानों की बढ़ती आबादी भी इसकी बुनियाद में है। तकनीक ने रोजमर्रा के जीवन में अपनी अहमियत तेजी से बढ़ाई है। शिक्षितों की संख्या में भी इजाफा हो रहा है, जिसके चलते लोग स्मार्ट फोन, कंप्यूटर व अन्य डिवाइसों का इस्तेमाल करना सीख रहे हैं।

मुफ्त इंटरनेट देने का सरकार फैसला सकारात्मक कहा जा सकता है। मगर यह ख्याल भी रखना जरूरी है कि जनता नेट में खोज क्या रही है? आम भारतीय इंटरनेट का इस्तेमाल पढाई, जानकारी या सूचनाओं को एकत्र करने की अपेक्षा मनोरंजन, सेक्सुअल कंटेंट व अनावश्यक चीजों के लिए अधिक करता है।

गूगल द्वारा प्रयोगकर्ताओं की सालाना की गई खोजों की सूची में भारतीय वर्षो से पोर्न क्लिप की खोज में अव्वल आते हैं। मुफ्त इंटरनेट का प्रयोग यदि इसी तरह किया जाता रहा तो समाज में व्यभिचार बढ़ने की आशंका हो सकती है। इसमें खास तरह का फिल्टर लगाना भी उचित नहीं कहा जा सकता। नि:सदेह ये सेवाएं सरकार किसी निजी संचार सेवा से लेगी, जिसका भुगतान करने में मोटी राशि खर्च की जाएगी। अच्छा विचार होने के बावजूद इंटरनेट मुफ्त देने से डिजिटल एडिक्शन की लत घातक हो सकती है। हां, इसे कुछ अवधि के लिए मुफ्त किया जाना चाहिए था।

निशानेबाजी ही नहीं बॉक्सिंग में भी मेडल जीत चुकी हैं मनु भाकर

नईदिल्ली

पेरिस ओलंपिक 2024 में भारत को पहला मेडल जिताने वाली मनु भाकर का नाम आज हर किसी के जुबान पर है. टोक्यो ओलंपिक 2020 में मेडल से चूकने के बाद मनु ने इस बार ब्रॉन्ज मेडल जीतकर इतिहास रचा. वह भारत के लिए ओलंपिक इतिहास में मेडल जीतने वाली पहली महिला निशानेबाज बन गई हैं. लेकिन, क्या आपको पता है कि मनु सिर्फ निशानेबाजी ही नहीं बल्कि दूसरे खेलों में भी काफी अच्छी हैं. मार्शल आर्ट्स में तो वो चैंपियन रह चुकी हैं...

हरियाणा के झज्जर की रहने वाली मनु का जन्म 18 फरवरी, 2002 को हुआ था. बचपन से ही मनु भाकर को खेल में काफी दिलचस्पी थी. उन्होंने कई खेलों में हाथ आजमाए.

आपको बता दें, मनु ने निशानेबाजी से पहले टेनिस, स्केटिंग और यहां तक कि थांग टा मार्शल आर्ट्स में भी हाथ आजमाया जो भारत के मणिपुर में बहुत मशहूर है. इस खेल के प्रति दीवानगी बढ़ी और वह मार्शल आर्ट में नेशनल लेवल की एथलीट बनीं. लेकिन मनु को लगा कि इस गेम में चीटिंग होती है. उसने यह खेल भी छोडऩे का फैसला कर लिया.

बच्चे पैदा होते हैं, तभी माता-पिता उनके भविष्य को लेकर सपने देखते हैं. ऐसा ही कुछ मनु भाकर के साथ भी हुआ. उनकी मां डॉक्टर सुमेधा चाहती थीं कि बेटी बड़ी होकर डॉक्टर बने, तो वहीं उनके पिता रामकिशन मनु को बॉक्सर बनाना चाहते थे. मनु के बड़े भाई बॉक्सिंग करते थे और मनु भी बॉक्सिंग करने लगीं.

मनु बॉक्सिंग में भी काफी अच्छी थीं और उन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर मेडल भी जीते.एक दिन प्रैक्टिस करते हुए मनु के आंख पर चोट लग गई। इससे आंख सूज गई थी. चोट लगने के बाद मनु ने बॉक्सिंग छोडऩे का मन बना लिया. मनु ने बॉक्सिंग, मार्शल आर्ट्स के अलावा आर्चरी, टेनिस, स्केटिंग की प्रैक्टिस की, लेकिन उसका मन नहीं लगा और इसके बाद शूटिंग को चुना और अब उन्होंने ओलंपिक में मेडल जीकर पूरे देश का सीना चौड़ा कर दिया है.

मनु भाकर ने पेरिस ओलंपिक में महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा का कांस्य पदक अपने नाम करके इतिहास रच दिया है. मनु निशानेबाजी में भारत के लिए ओलंपिक में मेडल जीतने वाली पहली महिला निशानेबाज हैं. मनु का यह पदक, 12 साल बाद भारत का ओलंपिक में निशानेबाजी में पदक है.

वाशिंगटन फ्रीडम ने जीता मेजर लीग क्रिकेट का खिताब, फाइनल में फ्रांसिस्को को हराया

नईदिल्ली

मेजर लीग क्रिकेट को नया चैंपियन मिल गई है। इस लीग का फाइनल मैच वाशिंगटन फ्रीडम और सैन फ्रांसिस्को यूनिकॉर्न्स की टीमों के बीच खेला गया। स्टीव स्मिथ की कप्तानी वाली वाशिंगटन फ्रीडम ने एक तरफा अंदाज में फाइनल मैच जीता और खिताब अपने नाम किया। फ्रीडम ने खिताबी मुकाबले में सैन फ्रांसिस्को यूनिकॉर्न्स को 96 रन से धूल चटा दी। वाशिंगटन फ्रीडम की जीत के हीरो कप्तान स्टीव स्मिथ और मार्को यानसन रहे।

डलास के ग्रैंड प्रेयरी स्टेडियम पर खेले गए मैच में वॉशिंगटन फ्रीडम ने पहले बल्लेबाजी की। ट्रैविस हेड फाइनल मैच में नहीं चले, लेकिन कप्तान स्टीव स्मिथ ने ताबड़तोड़ बैटिंग की। जिसके चलते वाशिंगटन फ्रीडम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 5 विकेट पर 207 रन बनाए। स्टीव स्मिथ ने सिर्फ 52 गेंदों पर 88 रन जड़े, जिसमें 6 छक्के और 7 चौके शामिल रहे। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 169.23 का रहा। इसके अलावा ग्लेन मैक्सवेल ने 22 गेंदों पर 40 रन ठोके। स्मिथ ने ग्लेन मैक्सवेल के साथ मिलकर पारी को 169 रन तक पहुंचाया। मुख्तार अहमद ने 9 गेंदों पर 19 रन और ओबस पिएनार ने 9 गेंदों पर 13 रन बनाकर पारी का अंत किया।

वाशिंगटन फ्रीडम से मिले 208 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए सैन फ्रांसिस्को यूनिकॉर्न्स की टीम सस्ते में सिमट गई। पूरी टीम 16 ओवर में 111 रनों पर ही ऑलआउट हो गई। फ्रांसिस्को यूनिकॉर्न्स की ओर से कैमी ली रूक्स ने सबसे ज्यादा 20 रनों का योगदान दिया और नॉटआउट लौटे।

दूसरी ओर फ्रीडम के लिए मार्को यैनसेन ने चार ओवर में 28 रन देकर तीन विकेट चटकाए। वहीं रचिन रविंद्र ने चार ओवर में 23 रन देकर तीन विकेट लिए। एंड्रयू टाइ ने दो ओवर में 12 रन देकर दो विकेट लिए। जबकि सौरभ नेत्रवकर और ग्लेन मैक्सवेल ने एक-ए विकेट चटकाया। स्टीव स्मिथ को उनकी शानदार और विस्फोटक पारी के लिए फाइनल में प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। स्टीव स्मिथ के लिए ये सीजन काफी शानदार रहा।

20 करोड़ रुपए का घपला कर फरार हुई अधिकारी, आरबीआई ने मणप्पुरम फाइनेंस पर गिरा दी गाज

नई दिल्ली

मणप्पुरम फाइनेंस को रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया की कार्रवाई का सामना करना पड़ा है। आरबीआई ने नियमों के उल्लंघन के मामले में मणप्पुरम फाइनेंस पर 41.5 लाख रुपये का जुर्माना ठोका है। दरअसल, फाइनेंस कंपनी में काम करने वाली एक महिला अधिकारी लगभग 20 करोड़ रुपये का घपला कर फरार हो गई थी। वह 2019 से ही फर्जी लोन कर कंपनी के डिजिटल पर्सनल लोन अकाउंट से अपने पिता और भाई के अकाउंट में पैसे भेज रही थी।

मणप्पुरम कॉम्पटेक एंड कंसल्टेंट्स में हुआ है यह घपला- मणप्पुरम फाइनेंस ने जानकारी दी थी कि कंपनी की सब्सिडियरी मणप्पुरम कॉम्पटेक एंड कंसल्टेंट्स में असिस्टेंट जनरल मैनेजर के पद पर 18 साल के कार्यरत धान्या मोहन ने लगभग 20 करोड़ रुपये का फ्रॉड किया है। मामले का खुलासा होने से पहले ही वह भाग गई है। कंपनी ने उसके खिलाफ वलप्पड़ थाने में शिकायत भी दर्ज कराई थी। इसके अलावा केएपीएमजी को भी इस मामले की जांच सौंपी है।

ओलंपिक 2024: लक्ष्य सेन की पहली जीत नहीं की जाएगी काउंट

पेरिस

भारत के स्टार बैडमिंटन प्लेयर लक्ष्य सेन पेरिस ओलंपिक 2024 में अपना पहला मुकाबला जीत गए थे, लेकिन अब पता चला है कि उसे काउंट ही नहीं किया जाएगा। इससे भारत को एक करारा झटका लगा है। हालांकि ये सब कुछ नियमों के अनुसार ही किया जा रहा है। जिस विरोधी को लक्ष्य सेन ने हराया है, उसने चोट के कारण अपना नाम इस टूर्नामेंट से वापस ले लिया है। इतना नहीं सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी का पुरुष युगल ग्रुप सी का मुकाबला भी रद कर दिया गया है, जो आज खेला जाना था। वहां भी इन प्लेयर्स के खिलाफ जिन विरोधी खिलाडिय़ों को खेलना था, वे चोट के कारण बाहर हो गए हैं।

भारत के बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन की ओलंपिक खेलों में पुरुष एकल ग्रुप एल के शुरुआती मैच में केविन कॉर्डन पर जीत को नहीं गिना जाएगा। ऐसा लिए किया गया है क्योंकि ग्वाटेमाला का उनका प्रतिद्वंद्वी बाईं कोहनी की चोट के कारण पेरिस ओलंपिक से बाहर हो गया है। विश्व बैडमिंटन महासंघ (बीडब्ल्यूएफ) ने एक अपडेट में कहा है कि ग्वाटेमाला के पुरुष एकल खिलाड़ी केविन कॉर्डन बाईं कोहनी की चोट के कारण पेरिस 2024 ओलंपिक खेलों की बैडमिंटन प्रतियोगिता से हट गए हैं। इसमें कहा गया है कि इंडोनेशिया के जोनाथन क्रिस्टी और बेल्जियम के जूलियन कैरागी के खिलाफ उनके ग्रुप एल के शेष मैच नहीं खेले जाएंगे। इस ग्रुप के मैचों का कार्यक्रम फिर से तय किया गया है। बैडमिंटन की विश्व संस्था ने कहा है कि ग्रुप चरण के लिए बीडब्ल्यूएफ के प्रतियोगिता संबंधी नियमों के अनुसार ग्रुप एल में मैच कॉर्डन को शामिल करते हुए खेले गए थे। इसलिए ग्रुप एल में कॉर्डन से जुड़े सभी खेले गए या अभी खेले जाने वाले सभी मैचों के परिणाम अब हटाए गए माने जाते हैं।

टोक्यो ओलंपिक के सेमीफाइनलिस्ट कॉर्डन के हटने का मतलब है कि ग्रुप एल में अब केवल तीन खिलाड़ी होंगे, जिसमें लक्ष्य सेन के अलावा क्रिस्टी और कैरागी शामिल हैं।

टेनिस में एक दिन के अंदर खत्म हुआ भारत का सफर, नहीं रही मेडल की कोई उम्मीद

पेरिस

पेरिस ओलंपिक 2024 का आयोजन किया जा रहा है। ओलंपिक के दूसरे दिन भारत ने एक मेडल जीत और मनु भाकर ने देश का नाम रौशन किया। भारत की ओर से इस बार कुल 117 एथलीट हिस्सा ले रहे हैं। उम्मीद की जा रही है भारत की बार 10 या उससे ज्यादा मेडल जीत सकता है। इसी बीच भारत को टेनिस इवेंट में निराशा हाथ लगी है। इस इवेंट में एक दिन के अंदर भारत की उम्मीदें खत्म हो गईं और भारतीय टेनिस खिलाडिय़ों को हार का सामना करना पड़ा है। पेरिस ओलंपिक में भारत का टेनिस अभियान सिर्फ एक दिन तक चला, क्योंकि सुमित नागल और रोहन बोपन्ना - एन श्रीराम बालाजी की मेंस डबल्स की जोड़ी रविवार को यहां फ्रांसीसी चुनौतीकर्ताओं से अपने-अपने शुरुआती मैच हारकर बाहर हो गई।

ओलंपिक 2024 के दूसरे दिन नागल सबसे पहले कोर्ट पर उतरे, लेकिन उनका मजबूत बेसलाइन गेम तेजतर्रार कोरेंटिन मौटेट के खिलाफ काफी नहीं रहा, जिन्होंने तीन सेटों में शानदार जीत हासिल की। नागल दूसरी बार ओलंपिक में हिस्सा ले रहे थे। नागल ने पहला सेट हारने के बाद वापसी की, लेकिन रोलांड गैरोस के कोर्ट सात में उन्हें 2-6, 6-4 और 5-7 से हार का सामना करना पड़ा। टोक्यो खेलों में, नागल दूसरे दौर में रूसी डेनियल मेदवेदेव से हार गए थे, लेकिन इस बार वह पहले ही दौर से बाहर हो गए।

नागल के मैच के बाद, बोपन्ना और बालाजी कोर्ट पर उतरे। जहां उनका सामना फ्रांस की जोड़ी एडौर्ड रोजर-वेसलिन और गेल मोनफिल्स से हुआ। बोपन्ना और बालाजी को फ्रांस की इस जोड़ी के खिलाफ 5-7 2-6 से हार का सामना करना पड़ा। भारत ने टेनिस में केवल एक ओलंपिक पदक जीता है, जब लिएंडर पेस ने 1996 के एटलानाटा खेलों में कांस्य पदक जीता था। यह शायद आखिरी बार था जब बोपन्ना ने किसी मल्टी खेल आयोजन में भारत का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। 44 वर्षीय खिलाड़ी ने पहले ही डेविस कप से संन्यास की घोषणा कर दी है। डबल्स मैच में बोपन्ना और दोनों फ्रांसीसी खिलाडिय़ों के बीच कई बार बेसलाइन पर जोरदार आदान-प्रदान हुआ, लेकिन अंत में उनके हाथ निराशा लगी।

टॉप-10 कंपनियों में सबसे ज्यादा बढ़ा एलआईसी का मार्केट कैप

मुंबई

भारतीय शेयर बाजार में तेजी का ट्रेंड जारी है। इसके कारण शेयर बाजार में सूचीबद्ध कंपनियों का मार्केट कैप भी बढ़ रहा है। बीते सप्ताह बाजार पूंजीकरण के आधार पर देश की शीर्ष 10 कंपनियों में से छह के मार्केट कैप में 1.85 लाख करोड़ रुपये की बढ़त हुई। इसमें सबसे अधिक फायदा लाइफ इंश्योरेंस कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एलआईसी) और इन्फोसिस को हुआ है। हालांकि, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एसबीआई, आईसीआईसीआई बैंक और एचयूएल के बाजार पूंजीकरण में कमी देखने को मिली है। पिछले सप्ताह निफ्टी ने 1.24 प्रतिशत और सेंसेक्स ने 0.90 प्रतिशत का रिटर्न दिया।

गत 26 जुलाई को समाप्त कारोबारी सप्ताह में देश की सबसे बड़ी बीमा कंपनी एलआईसी का बाजार पूंजीकरण 44,907 करोड़ रुपये बढ़कर 7,46,602 करोड़ रुपये हो गया। इन्फोसिस का बाजार पूंजीकरण 35,665 करोड़ रुपये बढ़कर 7,80,062 करोड़ रुपये पर पहुंच गया।

आईटीसी का बाजार पूंजीकरण 35,363 करोड़ रुपये बढ़कर 6,28,042 करोड़ रुपये हो गया है। टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) का मार्केट कैप 30,826 करोड़ रुपये बढ़कर 15,87,598 करोड़ रुपये हो गया है। वहीं, भारती एयरटेल का बाजार पूंजीकरण 30,282 करोड़ रुपये बढ़कर 8,62,211 करोड़ रुपये हो गया है। एचडीएफसी बैंक का बाजार पूंजीकरण 8,140 करोड़ रुपये बढ़कर 12,30,842 करोड़ रुपये हो गया है।

वहीं, रिलायंस इंडस्ट्रीज का मार्केट कैप 62,008 करोड़ रुपये गिरकर 20,41,821 लाख करोड़ रुपये रह गया है। आईसीआईसीआई बैंक का मार्केट कैप 28,511 करोड़ रुपये गिरकर 8,50,020 करोड़ रुपये हो गया है। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) का बाजार पूंजीकरण 23,427 करोड़ रुपये कम होकर 7,70,149 करोड़ रुपये, हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड (एचयूएल) का मार्केट कैप 3,500 करोड़ रुपये गिरकर 6,37,150 करोड़ रुपये रह गया है।

सिनेमाघरों में डंटकर खड़ी है कल्कि 2898 एडी, 31वें दिन भी बटोरे दर्शक

निर्देशक नाग अश्विन की साइंस-फिक्शन डायस्टोपियन फिल्म कल्कि 2898 एडी ने अपनी शुरुआत से ही रिकॉर्ड स्थापित करते हुए वैश्विक बॉक्स ऑफिस पर भारी प्रभाव डाला है। प्रभास, दीपिका पदुकोण, अमिताभ बच्चन और कमल हासन जैसे शानदार कलाकारों से सजी यह फिल्म भारत में प्रतिष्ठित 1000 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार करने की राह पर है। फिल्म की रिलीज को 31 दिन पूरे हो गए हैं। बावजूद इसके यह भारतीय बॉक्स ऑफिस पर अपनी जबर्दस्त पकड़ बनाए हुई है।

नई रिलीज से प्रतिस्पर्धा का सामना करने के बावजूद कल्कि 2898 एडी ने विशेष रूप से सिंगल-स्क्रीन सिनेमाघरों में मजबूत पकड़ बनाए रखी है। नाग अश्विन के निर्देशन में बनी यह फिल्म तमिल, तेलुगु, कन्नड़, मलयालम और हिंदी भाषा में रिलीज हुई है। 600 करोड़ के बजट में बनी इस फिल्म का धमाल 31वें दिन भी बरकरार है।

भारतीय बॉक्स ऑफिस पर सभी भाषाओं को मिलाकर 95.3 करोड़ रुपये की ओपनिंग लेने वाली इस फिल्म ने 30 दिन में कुल 625.10 करोड़ रुपये का कारोबार किया। कल्कि 2898 एडी ने रिलीज के 31वें दिन 2.75 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है। इस तरह नाग अश्विन के निर्देशन में बनी इस फिल्म की अब तक की कुल कमाई 627.85 करोड़ रुपये हो गई है।

विजय एंटनी की काव्यात्मक एक्शन फिल्म तूफान 2 अगस्त को सिनेमाघरों में होगी रिलीज

विजय मिल्टन द्वारा निर्देशित विजय एंटनी की अगली फिल्म तूफ़ान 2 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज़ होगी। कुछ दिन पहले रिलीज़ हुए ट्रेलर में निर्माताओं ने कहा था कि फ़िल्म जुलाई में रिलीज़ होगी, लेकिन तारीख़ नहीं बताई। अब 2 अगस्त को रिलीज़ होने की पुष्टि हो गई है।

कमल बोरा, डी. ललिता, बी. प्रदीप और पंकज बोरा इस फ़िल्म को इनफिनिटी फ़िल्म वेंचर्स के बैनर तले प्रोड्यूस कर रहे हैं। यह कंपनी इससे पहले राघवन और विजय एंटनी अभिनीत हथिया का निर्माण कर चुकी है। निर्देशक विजय मिल्टन काव्यात्मक एक्शन एंटरटेनर शैली में फ़िल्म तूफ़ान बना रहे हैं।

निर्माताओं ने घोषणा की है कि वे 2 अगस्त को दुनिया भर में फिल्म तूफ़ान को एक भव्य थिएटर रिलीज़ के लिए ला रहे हैं।

आज का राशिफल

मेष : आज आप अपने दिन की शुरुआत किसी गरीब की मदद करके करेंगे। आज आपके घर में कोई धार्मिक अनुष्ठान होने से घर में भक्ति भावना का माहौल बना रहेगा। पारिवारिक रिश्तों में हो रही गलतफहमियां आज दूर होंगी।

वृष : आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आज आपके दांपत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी। इस राशि के बिजनेसमैन के लिए आज का दिन रिलैक्स से भरा होगा। आप दोस्तों के साथ ट्रिप पर जाने का प्लान बना सकते हैं।

मिथुन: आज आपका दिन बढिय़ा रहेगा। परिवार संग किसी धार्मिक स्थान पर दर्शन के लिए जाएंगे, पारिवारिक प्रेम बढ़ेगा। आज शांत मन से किसी काम को करेंगे तो जल्द ही पूरा हो जाएगा।

कर्क: आज आपका दिन लकी रहेगा। कुछ मामलों में मेहनत ज्यादा रहेगी और नतीजा कम लाभ वाला मिलेगा। ऑफिस में कोई नया काम भी सामने आ सकता है। उस नए काम को बहुत अच्छी तरह करने का प्रयास करेंगे।

सिंह: आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आज स्पोर्ट्स से जुड़े लोग अपनी ट्रेनिग में पूरी मेहनत करेंगे। कोरियर का बिजनेस कर रहे कारोबारियों का आज फायदा होगा। आज विद्यार्थी प्रैक्टिकल को पूरा करने में सीनियर्स की मदद लेंगे।

कन्या: आज का दिन आपके लिए बदलाव से भरा हो सकता है। आज आपके जीवन में कुछ बदलाव आ सकते हैं जो आपके लिए बढिय़ा साबित होंगे। आज आपको किसी काम करने के लिये ज्यादा मेहनत करनी पड़ेगी।

तुला: आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। जो लोग होटल या रेस्टोरेंट जैसे बिजनेस से जुड़े हैं, उनके लिये दिन पहले से बेहतर रहेगा, आज आपका दिन ज्यादा लाभ कमाने का है।

वृश्चिक: आज का दिन आपके लिए समान्य रहने वाला है। आज आपको व्यापार में उम्मीद से कुछ कम ही लाभ प्राप्त होगा। आज आप अपने जीवन को और बेहतर बनाने के लिए कोशिश करेंगे।

धनु: आज आपका दिन खुशहाल रहने वाला है। आज आपको कोई अच्छी खबर मिलने के योग हैं यह ख़ुशी आपके घर में बेटे के करियर को लेकर हो सकती है। आज ऑफिस में आपको कोई नया काम मिल सकता है, जिसे पूरा करके आपको भी ख़ुशी होगी।

मकर: आज का दिन आपके जीवन में नई खुशियाँ लेकर आया है। आज किसी काम के सिलसिले से की गई यात्रा फायदेमंद रहेगी। साथ ही समाज में आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। परिवार में किसी रिश्तेदार के आगमन से घर में खुशी का माहौल बनेगा, आपकी मुलाकात कुछ खास लोगों से होगी।

कुंभ: आज आपका दिन खुशनुमा रहेगा। क्राकरी का बिजनेस कर रहे लोगों की बिक्री आज बढ़ेगी, अधिक आमदनी मिलेगी। सरकारी जॉब कर रहे लोगों के लिए आज का दिन बेहद अच्छा रहेगा, प्रमोशन होने के चांस है।

मीन: आज आपका दिन सामान्य रहेगा। बिजनेसमैन आज अपने बिजनेस को और आगे बढ़ाने के लिए किसी दूसरे बड़े व्यापारी से डील फाइनल करेंगे। राजनीति के कामों में आज आप ज्यादा रूचि लेंगे, आपके अच्छे कामों की आज तारीफ होगी।

बैड न्यूज की फिर बढ़ी कमाई, 50 करोड़ क्लब में शामिल होने के करीब पहुंची फिल्म

विक्की कौशल, एमी विर्क और तृप्ति डिमरी की फिल्म बैड न्यूज का क्रेज उतरने का नाम नहीं ले रहा है. फिल्म 19 जुलाई को वर्ल्डवाइड बॉक्स ऑफिस पर रिलीज हुई थी और तब से हर दिन बॉक्स ऑफिस पर दमदार कलेक्शन कर रही है. हालांकि पिछले दो दिन में बैड न्यूज की कमाई घटती नजर आई थी लेकिन दूसरे शनिवार को एक बार फिल्म का कलेक्शन बढ़ गया है.

सैकनिल्क के आंकड़ों पर नजर डाले तो बैड न्यूज ने बॉक्स ऑफिस पर 8.3 करोड़ रुपए से खाता खोला था. दूसरे दिन फिल्म ने 10.25 करोड़, तीसरे दिन 11.15 करोड़ और चौथे दिन 3.5 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया था. बैड न्यूज ने पांचवें दिन 3.75 करोड़, छठे दिन 3.15 करोड़ और सातवें दिन 2.15 करोड़ रुपए कमा लिए थे. वहीं अब नवें दिन भी विक्की कौशल की फिल्म ने करोड़ों छाप लिए हैं.

आनंद तिवारी के डायरेक्शन में बनी फिल्म बैड न्यूज ने सेकेंड सैटर्ड को कुल 3.25 करोड़ रुपए का बिजनेस किया है. अब घरेलू बॉक्स ऑफिस पर फिल्म का कुल कलेक्शन 48.25 करोड़ रुपए हो गया है यानी फिल्म 50 करोड़ क्लब में शामिल होने के बेहद करीब है.

बैड न्यूज के बाद विक्की कौशल पीरियड-ड्रामा फिल्म छावा में नजर आएंगे. फिल्म में एक्टर छत्रपति संभाजी महाराज का किरदार निभाने वाले हैं. वहीं तृप्ति डिमरी के पास भूल भूलैया 3 और धडक़ 2 जैसी फिल्में पाइपलाइन में हैं. इसके अलावा एमी विर्क के वर्कफ्रंट की बात करें तो एक्टर अक्षय कुमार स्टारर फिल्म खेल-खेल में दिखाई देंगे. ये फिल्म 15 अगस्त को थिएटर्स में रिलीज होने वाली है.

शब्द सामर्थ्य- 133

बाएं से दाएं

1. तकलीफ, कष्ट, कठिनाई, परेशानी 3. सरल, सहज 6. ज्ञान प्राप्त करना, शिक्षा लेना 7. विवश, लाचार 8. अत्यधिक ठंडा, सुस्त 9. अच्छे ढंग में गाया जाने वाला सुंदर गीत 11. सूर्य, सूरज 13. वस्त्र आदि धारण कराना 15. अप्रसन्न, नाखुश 16. खिंचाव, आकर्षण शक्ति (उ.) 18. एक रंग, आसमानी रंग 22. सेवा-सत्कार, आवभगत 23. सर्प, सांप, लकड़ी आदि की मूर्ति बनाना।

ऊपर से नीचे

1. ह्रदर, उर 2. शिष्टता, भद्रता, विवेक (उ.) 3. अंतत:, अंततोगत्वा 4. अच्छी शिक्षा, नेक सलाह 5. आवागमन, गमनागमन 7. पुरुष 8. घोड़े की तेज चाल, तेज गति की दौड़ 10. लूटपाट, डकैती 12. बबार्दी, तबाही 14. नासिका, श्वसनइंद्रीय 17. आखेटक, अरेही 19. योग्य, काबिल 20. कामदेव की पत्नी, प्रेम, आनंद 21. रात्रि, निशा।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 132 का हल

चु	स्त		मु		सं	स्था	न	
ग		म	र्दा	न	गी		त	म
ली	प	ना			त	न		
	ना	ना					ज	
मा	ह		रा		सा	ज	न	
न		स	ह	दे	व		म	द
व		म		व	न	ज		ल
ता	क	त	व	र		मी		द
	ल	ल	क		क	र	त	ल

सू-दोकू- 133

		3					7	
9				6		3		8
	7		9		5		6	
						1		9
3		8		7			5	
	1		3		9			7
		2		8		7		
	8				2		4	3
			1					

नियम

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र.132 का हल

5	2	4	9	6	7	8	1	3
3	6	7	4	1	8	2	9	5
8	1	9	3	2	5	4	6	7
6	3	5	1	9	4	7	2	8
7	9	8	5	3	2	6	4	1
2	4	1	7	8	6	5	3	9
4	5	3	6	7	9	1	8	2
9	8	6	2	5	1	3	7	4
1	7	2	8	4	3	9	5	6